प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

विधानसभा

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। सत्र की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ आरंभ होगी और इस दौरान विधायक अपने अपने क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछेंगे। सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा आज भी जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2024–25 की प्रति भी सभा पटल पर रखेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता....

मुख्यमंत्री

चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सुजानपुर में होली मेला हर्षोल्लास के साथ कल आरम्भ हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुजानपुर टीहरा स्थित ऐतिहासिक मुरली–मनोहर मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। ऐतिहासिक चौगान मैदान से मुरली–मनोहर मंदिर तक सैकड़ों लोगों ने इस शोभा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने होली के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 43 करोड़ 64 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

होली–2

इधर रंगो का त्यौहार होली प्रदेश में कल मनाया जाएगा लेकिन मंडी शहर में होली आज मनाई जा रही है। ये परंपरा रियासत काल से चली आ रही है।

अनिल खाची

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने कहा है कि प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के सामान्य चुनाव वर्ष 2025–26 में होने संभावित है जिसके दृष्टिगत आयोग ने प्रारम्भिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। चम्बा में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। अनिल खाची ने 18 वर्ष या उससे उपर आयु वर्ग के मतदाताओं का नाम राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में शामिल करने को कहा।

मौसम

हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इससे प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में कल हल्की बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है, जबकि अगले दो दिन किन्नौर व लाहौल–स्पीति जिलों को छोड़ अन्य इलाकों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

सुर्खिया समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

उप–मुख्यममंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े बयान को अमर उजाला, दिव्य हिमाचल और आपका फैसला ने सुर्खी दी है–प्रदेश में 8 लाख 24 हजार लोगों को जल्द मिलेगी सामाजिक सुरक्षा पैंशन 3 सौ 60 करोड़ जारी।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–प्री नर्सरी से 12वीं तक का एक ही शिक्षा निदेशालय बनेगा।

पटवारी कानूनगो की हड़ताल समाप्त आज से लौटेंगे काम पर–संबंधी खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों में प्रकाशित है।

पंजाब केसरी ने प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को शीर्षक दिया है–सरकारी कर्मचारियों को तबादला आदेश को चुनौती देने से पहले नए स्थान पर देनी होगी ज्वाईनिंग।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–चोटियों पर हल्का हिमपात–प्रदेश में 17 मार्च तक खराब रहेगा मौसम।

सुक्खू ने सुजानपुर में 43 करोड़ 64 लाख की विकासात्मक परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास–दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर।